दिनांक 20.10.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्वच्छ मतदान हमारा नैतिक कर्तव्य

भिलाईनगर। विधानसभा चुनाव 2023 में शत प्रतिशत मतदान को लेकर भिलाई निगम द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के छटवें दिन बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई और घर घर जाकर नागरिकों को मतदान करने का संकल्प दिलाए। जिला निर्वाचन कार्यालय एवं आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर नवरात्र के नौ संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिला समूहों , मितानीन एवं नर्सिंग का ॅलेज के विद्यार्थियों ने आगामी विधानसभा चुनाव में बिना किसी जाति , धर्म, भाषा के भय, लोभ में आए बिना लोकतंत्र के पर्व में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नवरात्र में नौ संकल्प लिया जाना है जिसके अंतर्गत आज छटवें दिन स्वास्थ्य संकल्प अर्थात स्वास्थ्य सेवा में संलग्न रहने वालों को आगामी विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दिया गया। भिलाई निगम के आजीविका मिशन के महिला समूहों के सदस्यों द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर महिला का समूह एकत्रित होकर उन्होंने मतदान हमारा अधिकार , सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो , बिना किसी भेदभाव के , बिना कोई डर और उंच नीच जात पात से उठकर स्वच्छ मतदान करने संकल्प लिए साथ ही अपने रिश्तेदार व घर परिवार के सभी मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का भरोसा दिलाए।

इसी प्रकार सेक्टर 09 स्थित पीजी नर्सिंग का ॅलेज में नर्सिंग की पढ़ाई करने वाली छात्राओं तथा बैकुंठधाम मांगलिक भवन में बड़ी संख्या में मितानीनें शामिल हुई जिन्होंने स्वंय तथा समाज के हर व्यक्ति को मतदान शामिल होकर लोतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने स्वंतत्र , निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीकें से निर्वाचन करने का संकल्प लिए।